पी ए यू की गेहूं की नई किस्में पी बी डब्लयू ज़िंक 2, पी बी डब्लयू आर एस 1 सेहत के लिए लाभकारी

पंजाब कृषि विश्विद्यालय (पी ए यू), लुधियाना ने गेहूं की दो नई किस्में विकसित की हैं जो मनुष्यों की सेहत के लिए काफी लाभकारी हैं। यह किस्में हैं पी बी डब्लयू ज़िंक 2 और पी बी डब्लयू आर एस 1।

पी बी डब्लयू ज़िंक 2 में जिंक की मात्रा अधिक है जो मनुष्यों की खुराक के लिए एक ज़रूरी तत्व है। इस किस्म का औसत कद 100 सेंटीमीटर है और यह 154 दिनों में कटाई के लिए तैयार हो जाती है।

पी बी डब्लयू ज़िंक 2 पीला और भूरा रतुआ दोनों रोगों की प्रतिरोधी है। इसकी औसत उपज 23 क्विंटल प्रति एकड़ है।

पी बी डब्लयू आर एस 1 किस्म में रज़िस्टैंट स्टार्च की मात्रा को बढ़ाया गया है जिसके आटे के सेवन से खून में शूगर का स्तर नहीं बढ़ता क्योंकि यह फाइबर या रेशे के तौर पर काम करता है।

इस किस्म का औसत कद 87 सेंटीमीटर है और यह 146 दिनों में कटाई के लिए तैयार हो जाती है।

पी बी डब्लयू आर एस 1 किस्म पीला रतुआ रोग की प्रतिरोधी है और भूरा रतुआ का काफ़ी हद तक मुकाबला करती है। इसकी औसत उपज 17.1 क्विंटल प्रति एकड़ है। इसकी बुवाई नवंबर के दूसरे से चौथे हफ़्ते तक करने की सिफ़ारिश की गई है।